RNI Title-Code : RAJBIL27027
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...




# पाकिस्तान को धूल चटाकर टी-20 वर्ल्डकप जीता इंग्लैण्ड




नई दिल्ली।

इंग्लैंड ने ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के बेहतरीन अर्धशतक की मदद से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले गए इस लो स्कोरिंग फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा टी20 वर्ल्ड कप 2022 का खिताब जीत लिया है। यह इंग्लैंड का दूसरा टी20 वर्ल्ड कप है। इससे पहले टीम ने 2010 में यह खिताब जीता था। वेस्टइंडीज के बाद दो टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इंग्लैंड दूसरी टीम बन गई है।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के सामने 138 रन का लक्ष्य रखा था, जवाब में इंग्लैंड ने इस लक्ष्य को 19 ओवर में पांच विकेट खोकर पा लिया। इंग्लैंड के लिए स्टोक्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंद पर नाबाद 52 रन की पारी खेली। इस पिच पर बल्लेबाजी इतनी आसान नहीं थी। लेकिन स्टोक्स ने धीमी शुरुआत करते हुए एक छोर संभाले रखा और टीम को जीत दिलाई। अपनी इस पारी में स्टोक्स ने पांच चौके और एक सिक्स लगाया। स्टोक्स ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी इंग्लैंड को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## बेन स्टोक्स का बेहतरीन अर्धशतक

पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। इंग्लैंड को पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। भारत के खिलाफ पिछले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे एलेक्स हेल्स को शाहीन शाह अफरीदी ने क्लीन बोल्ड किया। वह दो गेंदों में एक रन बना सके। इंग्लैंड को 32 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। हारिस रऊफ ने अपने पहले ही ओवर में फिलिप सॉल्ट को इफ्तिखार अहमद के हाथों कैच कराया। सॉल्ट नौ गेंदों में 10 रन बना सके। इंग्लैंड को तीसरा झटका कप्तान जोस बटलर के रूप में लगा। बटलर 26 रन बनाकर हारिस रऊफ की गेंद पर विकेटकीपर रिजवान को कैच दे बैठे। इंग्लैंड को चौथा झटका हैरी ब्रूक के रूप में लगा। ब्रूक 20 रन बनाकर शादाब की गेंद पर अफरीदी को कैच दे बैठे।

# उदयपुर-अहमदाबाद रेलवे ट्रैक उड़ाने की साजिश

## पुल पर डेटोनेटर से ब्लास्ट, पीएम मोदी ने 13 दिन पहले किया था उद्घाटन



.उदयपुर।

दयपुर-अहमदाबाद रेलवे लाइन पर बने पुल पर शनिवार देर रात अज्ञात लोगों ने ब्लास्ट कर दिया। इससे पटरियों पर क्रैक आ गया। मौके पर बारूद भी मिला है। बदमाशों की साजिश पुल को उड़ाने और रेलवे ट्रैक को बर्बाद करने की थी। धमाके से चार घंटे पहले ही इस ट्रैक से ट्रेन गुजरी थी। घटना के बाद अहमदाबाद से उदयपुर आ रही ट्रेन को डूंगरपुर में रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर को ही इस लाइन का लोकार्पण किया था। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा- डेटोनेटर से पुल को उड़ाने की साजिश सामने आई है। उदयपुर एसपी विकास शर्मा ने कहा कि शुरुआत में तो यह लग रहा है कि पूरी तरह प्लानिंग कर ब्लास्ट किया गया है। डेटोनेटर सुपर 90 श्रेणी का है। बम स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर सबूत जुटाए हैं। घटनास्थल पर राजस्थान पुलिस की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड भी पहुंच गई है।

### स्थानीय लोगों की सतर्कता से कई लोगों की जान बची

घटना उदयपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर सलूम्बर मार्ग पर केवड़े की नाल में ओढ़ा रेलवे पुल की है। जहां ग्रामीणों को शनिवार रात 10 बजे के आसपास धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद कुछ युवा तुरंत पटरी पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि रेलवे लाइन पर बारूद पड़ा है। पटरियां कई जगह से टूट चुकी थीं। पु?ल पर लाइन से नट-बोल्ट भी गायब मिले। ट्रैक पर लोहे की पतली चादर भी उखड़ी हुई मिली। यह हालत देखकर ग्रामीणों ने तुरंत हादसे की सूचना रेलवे अधिकारियों को दी। इसके बाद ट्रैक पर यातायात रोका गया। अगर उस ट्रैक पर कोई ट्रेन आ जाती, तो कई लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी।

## रेलवे के निजीकरण का झूठा दावा कर बैठे राहुल गांधी, फैक्ट चेक में फर्जी निकली बात

नई दिल्ली

भारत जोड़ो यात्रा में जुटे राहुल गांधी रेलवे के निजीकरण का गलत दावा कर बैठे। प्रेस इन्फर्मेशन ब्यूरो यानी पीआईबी ने कांग्रेस नेता के दावे का फैक्ट चेक कर फर्जी करार दिया है। साथ ही यह साफ कर दिया है कि रेलवे ने अपनी किसी भी संपत्ति का निजीकरण नहीं किया है। राहुल ने ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाए थे। राहुल गांधी ने शनिवार को ट्वीट किया था, 12 लाख लोगों को रोज़गार, 2.5 करोड़ देशवासियों की रोज़ सेवा - देश को जोड़ती है भारतीय रेल। प्रधानमंत्री जी, रेलवे देश की सम्पत्ति है, इसे निजीकरण नहीं, सशक्तिकरण की जरूरत है।

# वनरक्षक भर्ती : पहले दिन दूसरी पारी की परीक्षा रद्द

## एग्जाम से पहले वॉट्सऐप पर आई आंसर शीट, सरकारी कर्मचारी समेत दो गिरफ्तार



जयपुर।

राजस्थान में एक बार फिर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया है। 2300 पदों के लिए हुई वनरक्षक भर्ती परीक्षा के 12 नवंबर के दूसरी पारी की आंसर शीट सोशल मीडिया पर शेयर हो गई। पुलिस ने सरकारी कर्मचारी सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रविवार शाम कर्मचारी चयन बोर्ड ने शनिवार को हुए दूसरी पारी के पेपर को रद्द कर दिया। जिन भी अभ्यर्थियों ने दूसरी पारी का पेपर दिया था, उनके लिए जनवरी में फिर से वनरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दरअसल, शनिवार को राजसमंद के रेलमगरा थाना क्षेत्र में दूसरी पारी के पेपर का फोटो खींचकर आंसर शीट सोशल मीडिया पर आ गई थी। मामले में पुलिस ने करौली के दीपक शर्मा को हिरासत में लिया था। दीपक ने पूछताछ में बताया कि दौसा में लालसोट क्षेत्र के गांव अजयपुरा के हेमराज मीणा से उसने पेपर लिया।

पुलिस की स्पेशल टीम ने परीक्षा देकर लौटते वक्त मोबाइल लोकेशन ट्रेस के आधार पर लालसोट रेलवे स्टेशन के पास से हेमराज मीणा को दबोचा। दौसा के पीजी कॉलेज में हेमराज का सेंटर आया था। हेमराज ने परीक्षा शुरू होने के साथ ही आंसर शीट भेजने की बात स्वीकार की है। कोतवाली पुलिस हेमराज से भी पूछताछ कर रही है। बिजली निगम में नौकरी करता है एक आरोपी बता दें कि करौली निवासी दीपक शर्मा उदयपुर में बिजली निगम में नौकरी करता है। वह रेलमगरा में तकनीकी सहायक है। उसने जिन-जिन को पेपर भेजने की बात कही, वहां संबंधित पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, हेमराज मीणा जयपुर में किराए से रहकर कॉम्पिटीशन एग्जाम की तैयारी करता है। पुलिस की टीम जयपुर, करौली, उदयपुर समेत प्रदेशभर में कुछ और युवकों की तलाश में जुटी है।

# दिसंबर से जी-20 की अध्यक्षता करेगा भारत

## समिट में हिस्सा लेने के लिए आज इंडोनेशिया जाएंगे पीएम

नई दिल्ली

भारत एक दिसंबर 2022 से जी-20 की अध्यक्षता करेगा। वहीं, जी-20 के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया के बाली रवाना होंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल इंडोनेशिया के बाली के लिए निकलेंगे और वहां होने जा रही 17वीं जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके साथ हू उन्होंने कहा कि भारत 1 दिसंबर से शुरू होने वाले एक वर्ष के लिए जी-20 की अध्यक्षता करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी जी20 अध्यक्षता के दौरान, भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील एक तिकड़ी होंगे। विदेश सचिव के मुताबिक जी20 में यह पहली बार है कि इस तिकड़ी में विकासशील देश और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं शामिल होंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया की अपनी यात्रा



के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। जानकारी के मुताबिक नरेंद्र मोदी बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के तीन प्रमुख सत्र-- खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन और स्वास्थ्य-- में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को इंडोनेशियाई शहर बाली के लिए रवाना होंगे.

# स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं के सपने हो रहे हैं पूरे : गहलोत



जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं में आईटी के इस्तेमाल से लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 21वीं सदी के लिए जो सपना देखा था, हम उसी पर आगे बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार की प्रौद्योगिकी पर आधारित योजनाओं और स्टार्टअप के जरिए युवाओं के सपने भी पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में टैलेंट को अवसर प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। मुझे हमारे आईटी टैलेंट पर गर्व है। हम उनके सपनों को पूरा करेंगे।

## सम्पादकीय

# सख्त कोविड लॉकडाउन के चलते चीन छोड़ने को मजबूर विदेशी

चीन में सख्त लॉकडाऊन से तंग आकर विदेशी चीन छोड़कर भागने को मजबूर हो गए हैं। दो दशक पहले जब चीन अपनी आर्थिक तरक्की की राह पर अग्रसर था तो विदेशी कंपनियां चीन के अलग-अलग शहरों में अपने कार्यालय खोल रही थीं, अपने विनिर्माण केंद्र चीन में स्थापित कर रही थीं और इसके साथ बड़ी संख्या में विदेशियों ने चीन को अपना पड़ाव बना लिया था। चीन आने वालों में न सिर्फ उद्योगपति, बल्कि व्यापारी, विद्यार्थी और शोधकर्मी भी शामिल थे। इनमें से कई विदेशियों ने चीनी लड़कियों से शादी कर यहीं अपना घर बसा लिया था, लेकिन चीन से शुरू हुई कोविड महामारी और उसके बाद चीन सरकार की तरफ से लगाए गए सख्त लॉकडाऊन के कारण चीन में रहने वालों का जीना मुश्किल हो गया है। देसी-विदेशी कंपनियों का व्यापार पूरी तरह से ठप्प हो गया है, फैक्टरियों में कर्मचारी लॉकडाऊन के कारण काम नहीं कर सकते, बंदरगाहों और गोदामों में तैयार उत्पाद रखा हुआ है लेकिन उसे विदेशों में पहुंचाने के लिए न तो मालवाहक जहाज चीन आ रहे हैं और न ही यहां से कोई सामान विदेशों में जा रहा है। ऐसे में कई विदेशी कंपनियों ने चीन से उड़ान भर कर वियतनाम, इंडोनेशिया, थाईलैंड और भारत जैसे देशों का रुख कर लिया, जहां से आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने की कोई आशंका नहीं है।

वर्ष 2004 से ही चीन ने प्रतिभाशाली विदेशियों को पश्चिमी दुनिया की तर्ज पर अपने देश में न्यौता देना शुरू किया था, जिससे प्रतिभाशाली और प्रशिक्षित विदेशियों के आगमन से चीन में तरक्की की रफ्तार और तेज होगी। इसके 4 वर्ष बाद ही वर्ष 2008 में चीन ने एक कार्यक्रम चलाया था, जिसका नाम था 'अ थाऊजैंड टैलेंट्स प्रोग्राम', यानी एक हजार प्रतिभाशाली कार्यक्रम। इसे बहुत तेजी के साथ शुरू किया गया था, जिससे बहुत-से प्रशिक्षित विदेशी चीन आने लगे, जिसके बाद उच्च तकनीकी क्षेत्र में शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए स्टार्टअप खोले जा सके। वर्ष 2015 में चीन सरकार ने प्रशिक्षित विदेशियों के लिए चीन आने की प्रक्रिया को और सरल बनाया, जिससे उन्हें आसानी से चीनी वीजा, रैजिडैंट परमिट और आव्रजन में बहुत सुविधा मिली और ढेर सारे प्रशिक्षित विदेशी चीन आकर अपना कारोबार करने लगे। इसका लाभ चीन को भी मिला, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से उड़ान भरने लगी। लेकिन अब स्थिति एकदम बदल गई है। चीन में वर्ष 2020 की राष्ट्रीय जनगणना के अनुसार वहां 8,45,000 विदेशी और हांगकांग, मकाऊ और ताईवान के लोग रहते थे, जिन्हें मिलाकर कुल संख्या 14 लाख प्रवासियों की थी। अंतर-आर्थिक आंकड़ों के अनुसार यह संख्या पश्चिमी दुनिया में रहने वाले विदेशी प्रवासियों की तुलना में बहुत कम है। मार्च 2020 के बाद से चीन के अंदर और चीन से आने-जाने के साथ क्वारंटाइन और चीन द्वारा वीजा नियमों को सख्त करने, प्रवासी लोगों के चीन आने पर रोक लगाने के कारण लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी होने लगी। वर्ष 2021 में चीन में और चीन से बाहर यात्रा करने वाले लोगों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 79 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही विदेशियों के चीन छोडने की रफ्तार इतनी तेजी से बढ़ी कि वर्ष 2019 की तुलना में उनकी संख्या घटकर महज 4.9 प्रतिशत ही रह गई थी।

# आरक्षण की ऐसी व्यवस्था बने, जिससे किसी भी जाति, समुदाय, क्षेत्र के हर गरीब और पिछड़े व्यक्ति को मिले अवसर

**अकुशल नौकरशाही राष्ट्र पर एक बोझ है। राजनीतिक हथियार बना आरक्षण एक तरह से देश पर आर्थिक बोझ भी है। आरक्षण के दायरे में आने वाली आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन कोई भी सरकार हो, वह बढ़ती आबादी के अनुपात में नौकरियां सृजित नहीं सकती। यही कारण है कि आरक्षण के दायरे में आने वाले कम लोगों को ही सरकारी नौकरियां मिल पाती हैं। चूंकि आरक्षण के जरिये नौकरी न पाने वाले भी अपने पैरों पर खड़े होकर देश के विकास में योगदान दे रहे हैं, इसलिए सरकारों को उनकी ओर भी देखना चाहिए। यह एक तथ्य है कि गरीबी केवल आरक्षण के दायरे में आने वाले वर्गों में ही नहीं, अन?य वर्गों में भी व?याप?त है। इसी को ध्यान में रखते हुए 2019 में संविधान संशोधन के जरिये 10 प्रतिशत आर्थिक आरक्षण का प्रविधान लाया गया। यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को दिया जाता है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से दिए अपने फैसले में आर्थिक आरक्षण को उचित ठहराते हुए कहा कि इससे आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा का उल्लंघन नहीं होता। इससे सरकार को राहत मिली है, लेकिन अगर गरीबी को दूर करना है तो गरीबों को आरक्षण के साथ-साथ उनके लिए अन?य योजनाओं को भी चलाना होगा, जिससे वे सक्षम बनकर देश के विकास में भागीदार बनें।**



**केंद्र** सरकार ने मंतातरित हुए दलित मुसलमानों और ईसाइयों को आरक्षण का लाभ न देने के पक्ष में जो तर्क सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दिए, उनसे असहमत नहीं हुआ जा सकता। दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देकर आरक्षण इसीलिए दिया गया था, क्योंकि वे हिंदू समाज में व्याप्त जाति प्रथा के चलते सदियों से भेदभाव का सामना कर रहे थे। आरक्षण देने का उद्देश्य उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना था। यह सुविधा उन दलितों को नहीं दी गई, जो मुस्लिम या ईसाई बन गए, क्योंकि ये दोनों समुदाय यह कहते हैं कि उनके यहां न तो किसी तरह का जातिवाद है और न ही जातिभेद।

आम तौर पर दलितों को यह लालच देकर मतांतरण कराया जाता है कि उन्हें जातिवाद से छुटकारा मिल जाएगा। यदि दलितों को यह भान होता कि मुस्लिम या ईसाई बनने के बाद भी उनके साथ भेदभाव होगा तो वे कभी मतांतरित ही न होते। दलित मुस्लिम और दलित ईसाइयों के संगठन खुद को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग इसीलिए कर रहे हैं ताकि दोहरा लाभ उठा सकें- एक अनुसूचित जाति का और दूसरा अल्पसंख्यक दर्जे का। यदि मतांतरित होकर मुस्लिम और ईसाई बने दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा और फिर आरक्षण का लाभ दिया गया तो छल-बल और धोखे से उनके मतांतरण का अभियान और जोर पकड़ सकता है। चूंकि भारत में मतांतरण राष?ट्र की आत?मिक चेतना को कमजोर करता है, लिहाजा इसे हर हाल में हतोत्साहित करना होगा। इससे इन्कार नहीं कि हिंदू समाज का दलित कहा जाने वाला तबका भेदभाव का शिकार रहा है और कहीं-कहीं आज भी है। आजादी के समय यह माना गया था कि इस तबके को आरक्षण देकर उसे जातिभेद से मुक्त करा लिया जाएगा। प्रारंभ में तो सफलता नहीं मिली, लेकिन कुछ दशकों बाद इसका असर दिखने लगा और आज यह कहा जा सकता है कि आरक्षित तबका पहले से कहीं अधिक सक्षम है, लेकिन हमारे नेता अभी भी इस भावना को जिंदा रखना चाहते हैं कि हिंदू समाज अब भी जातियों में बंटा है और उसी आधार पर भेदभाव होता है। इसी आधार पर वे आरक्षण की मांग करते रहते हैं। पिछले दिनों झारखंड में 1932 के डोमिसाइल के आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ा दी गई। झारखंड में आरक्षण अब 75 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। यह आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को लांघ रहा है। ऐसी ही स्थिति कुछ अन्य राज्यों में भी है। शिक्षा संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण तो बढ़ रहा है, लेकिन नौकरशाही की कार्यकुशलता नहीं बढ़ रही है।

आर्थिक आरक्षण को सही ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की जज बेला त्रिवेदी ने आरक्षण की समीक्षा की भी बात कही। इस तरह की बात पहले भी उठती रही है परंतु आरक्षण के नफा-नुकसान पर खुलकर बहस नहीं हो पा रही है। कम से कम अब तो आरक्षण पर नीर-क्षीर ढंग से बहस होनी चाहिए, ताकि सभी वंचित- पिछड़े तबके मुख्यधारा में शामिल होकर देश की प्रगति में योगदान कर सकें। आर्थिक आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आर्थिक आरक्षण की विसंगतियों की चर्चा तो हो रही है, लेकिन ऐसी चर्चा जातिगत आरक्षण को लेकर भी होनी चाहिए, क्योंकि यह एक तथ्य है कि अभी ऐसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिससे सभी पात्र लोगों को ही आरक्षण मिलना सुनिश्चित किया जा सके। यह ठोस व्यवस्था कैसे बने, इस पर नए सिरे से विचार होना चाहिए। इसी तरह बहस इस पर भी होनी चाहिए कि जब सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं, तब आरक्षण बढ़ाने की मांग करते रहना कितना लाभप्रद है? यह भी किसी से छिपा नहीं कि सरकारी शिक्षण संस्थान भी अपर्याप्त हैं। इन संस्थानों में आरक्षित तबके के सभी छात्रों को चाहकर भी प्रवेश नहीं दिया जा सकता।

यदि जाति और गरीबी के कारण किसी तरह का भेदभाव होता है तो उसे दूर करने के प्रभावी उपायों पर भी विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि आरक्षण के बावजूद इस समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं किया जा सका है। वास्तव में एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जाना चाहिए, जिससे जात-पात और भेदभाव के लिए कहीं कोई जगह न रहे। जाति और पंथ के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के लिए यह भी आवश्यक है कि देश को अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक की धारणा से मुक्त किया जाए। आखिर आरक्षण की ऐसी कोई व्यवस्था क्यों नहीं बन सकती, जिससे किसी भी जाति, समुदाय, क्षेत्र के हर गरीब और पिछड़े व्यक्ति को विशेष अवसर प्रदान किए जा सकें?

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में परेशानी होगी। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी। आप किसी बौद्धिक या तार्किक चर्चा में भाग लेंगे।

### वृषभ
आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। यात्रा का आयोजन सफल नहीं होगा। भाई-बंधुओं से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा।

### मिथुन
आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक गुजारेंगे।

### कर्क
आर्थिक लाभ होगा। मन में आने वाले नकारात्मक विचारों से दूर ही रहें। आज दांपत्यजीवन अच्छा रहेगा। आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। उनकी तरफ से आपको भेंट-उपहार मिल सकता है।

### सिंह
आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे। वाणी पर संयम रखें अन्यथा

### कन्या
अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज अत्यधिक खर्च हो सकता है। मानहानि हो सकती है, अतः सावधान रहें। आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी। उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं।

### तुला
महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा। बुजुर्गों तथा बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई शुभ प्रसंग हो सकता है। वैवाहिक जीवन बेहतर रहेगा।

### वृश्चिक
अभी आप सफलतापूर्वक नए कार्य कर सकेंगे। व्यापारी वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन लाभदायी है। उच्च अधिकारियों की कृपा दृष्टि से पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में लाभ मिल सकता है।

### धनु
परिवार में भी प्यार रहेगा। पिता की तरफ से लाभ मिलने के संकेत हैं। आज आप नया काम करने की शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा।

### मकर
विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे, जिससे काफी प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा। आज किसी भी चर्चा या वाद-विवाद में न पड़ें।

### कुंभ
अभी समय शांतिपूर्वक व्यतीत करना लाभदायी होगा। अपने क्रोध को काबू में रखें। अनैतिक कार्यों से दूर रहें। नए संबंध बनाने से पहले सोचें। धन खर्च ज्यादा होने से आर्थिक परेशानी का अनुभव होगा।

### मीन
आज बौद्धिक और तार्किक विचारों से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। समाज में सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ मुलाकात होगी। उनके साथ घूमने-फिरने या मनोरंजन स्थल की यात्रा के योग हैं।


## स्वास्थ्य समाचार

# मुंह से जुड़ी है आपके शरीर की सेहत, मुंह की गंदगी से किन बीमारियों का खतरा होता है सबसे ज्यादा

शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है कि आप अपने पूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखें। अक्सर लोग अपने दिखने वाले स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने की कोशिश करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं जितना जरूरी आपका पूरी स्वास्थ्य है उतना ही जरूरी आपके मुंह का स्वास्थ्य है। ज्यादातर लोग अपने मुंह के स्वास्थ्य पर अच्छी तरह से ध्यान नहीं रख पाते। जिसके कारण उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है या स्वास्थ्य स्थितियां बिगड़ने लगता है। हालांकि लोगों को इस बात का अनुभव नहीं होता है कि मुंह के स्वास्थ्य से भी दूसरे शारीरिक स्वास्थ्य को हानि हो सकती है। मुंह के स्वास्थ्य के कारण कई दूसरी स्थितियां और बीमारियों का खतरा बढ़ता है। मुंह हमारे शरीर का एक ऐसा जरिया है जिसकी मदद से शरीर में अच्छी चीजों की तरह ही नुकसानदायक चीजें भी पहुंच जाती है। आप अक्सर जिस तरीकों से भोजन या पेय पदार्थ का सेवन करते हैं ऐसे ही आपके मुंह में बैक्टीरिया और वायरस पहुंच जाते हैं जो आपके अन्य स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। मुंह को अच्छी तरह से साफ रखने और स्वस्थ रखने के लिए लार के प्रवाह को कम कर सकते हैं। क्योंकि लार भोजन को नष्ट कर देती है और मुंह में बैक्टीरिया द्वारा उत्पन्न एसिड को बेअसर करती है, जो आपको रोगाणुओं से बचाने में मदद करती है जो रोग को कई गुना तक बढ़ाते हैं।

**एंडोकार्डिटीस :** एंडोकार्डिटीस आपके दिल में वाल्वों (एंडोकार्डियम) के आंतरिक संक्रमण होता है जब आपके मुंह के बैक्टीरिया आपके शरीर में पहुंचकर आपके रक्त के माध्य से शरीर में फैलने लगते हैं। जिसके बाद ये एक समय पर आपके हृदय के वाल्वों में बस जाते हैं, जब इनकी संख्या बढ़ने लगती है तो इस दौरान आपको कुछ समस्याएं हो सकती है। आपको बता दें कि एंडोकार्डिटिस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आपके दिल की अंदरूनी परत में सूजन पैदा होने लगती है कुछ खास बैक्टरिया के कारण, इस स्थिति को एंडोकार्डियम कहा जाता है। लेकिन एक्सपर्ट बताते हैं कि एंडोकार्टिटीस उन लोगों को होने का खतरा होता है जिन लोगों को पहले से हृदय संबंधित समस्याएं हो। वहीं, जिन लोगों का स्वस्थ हृदय होता है उन लोगों के लिए एंडोकार्टिटीस असामान्य होता है।

**हृदय रोग :** हृदय रोग पूरी तरह से मुंह के स्वास्थ्य से प्रभावित होता है, इस संबंध को पूरी तरह से समझा नहीं गया है। एक्सपर्ट बताते हैं कि इसपर अभी और भी ज्यादा शोध करने की जरूरत है। वहीं, कुछ शोध ये बात दिखाते हैं कि हृदय स्वास्थ्य को उन बैक्टीरियों के कारण नुकसान हो सकता है जो मुंह के द्वारा संक्रमण शरीर में फैलाते हैं।



### कम चीनी वाले पदार्थों का सेवन करें

दांतों और मसूड़ों में बैक्टीरियों का खतरा तब ज्यादा होता है जब आप लगातार ज्यादा चीनी वाले पदार्थों का सेवन करते रहते हैं। इसके कारण आपके दांतों में कीड़े या बैक्टीरिया जमने का खतरा रहता है। ये आपके रक्त तक आसानी से पहुंच सकते जो बाद में आपको स्वास्थ्य हानि पहुंचाते हैं। इसलिए इससे बचाव के लिए आप कम चीनी वाले पदार्थों का सेवन करें, जो आपके दांतों के लिए स्वस्थ हो सकते हैं।

### दो बार ब्रश जरूर करें

खुद को स्वस्थ रखने और अन्य स्वस्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए एक्सपर्ट की सलाह होती है तो जरूरी है कि आप दिन में दो बार ब्रश जरूर करें। जिससे की आप नियमित रूप से अपने दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ रख सकें। इसकी मदद से आप अपने दांतों में होने वाले संक्रमण और बैक्टीरिया से अपना बचाव कर सकते हैं। एक्सपर्ट की सलाह है कि आप रोजाना दिन में दो बार फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल कर ब्रश करें।

### डायबिटीज

डायबिटीज बहुत ही खतरनाक स्थिति है, इस दौरान अगर मरीज खुद का ख्याल न रखे तो इससे मौत भी हो सकती है। ऐसे में शरीर किसी भी संक्रमण से लड़ने के लिए बहुत कमजोर होने लगता है। लेकिन जब आपके मसूड़ों और दांत में बैक्टीरिया और संक्रमण फैलता है तो धीरे-धीरे ये आपके शरीर में पहुंचा जाते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, डायबिटीज आपके मसूड़ों और दांतों को कमजोर बनाने का काम करता है, जिन लोगों को डायबिटीज है उनमें मसूड़ों की बीमारी के मामले आम है। अगर इस दौरान मरीज अपना ख्याल सही तरीके से न रखे तो ये आपके दांतों को और अन्य स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। जिन लोगों को मसूड़ों की समस्या होती है या बीमारी होती है उन लोगों के रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना काफी मुश्किल हो जाता है।

### माउथवॉश है जरूरी

खाना खाने के बाद अक्सर कई तरह के पदार्थ या कण आपके मुंह में रह जाते हैं और दांतों में फंस जाते हैं। जिसके कारण आपके दांतों में बैक्टीरिया और संक्रमण का खतरा बढ़ने लगता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप रोजाना भोजन करने के बाद अपने दांतों और मसूड़ों को साफ करें। इसके लिए आप माउथवॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं। जिसकी मदद से आप अपने दांतों को साफ कर सकते हैं।

Download The Nagaur Daily News App
अपने एन्ड्राइड मोबाइल फोन में
Nagaur Daily App
NAGAUR DAILY NEWS
www.nagaurdaily.com
Unbiased, Trusted News Coverage
डाउनलोड करें और पाएं नागौर जिले की सभी लोकल खबरें हाथों-हाथ
साथ ही पाएं प्रतिदिन नागौर डेली न्यूज ई-पेपर बिल्कुल निःशुल्क
DOWNLOAD THE APP

# सर्दियों में आपको भी हो सकती हैं पैरों की ये परेशानियां

सर्दियां अपने साथ सिर्फ सर्दी-जुकाम जैसे मौसमी परेशानियों को ही नहीं लाती, बल्कि हाथ-पैर के लिए भी गंभीर बीमारियां लाती है। जी हां, तापमान घटने के साथ शरीर के हर तंत्र में बदलाव होता है, जिसका असर अलग-अलग अंगों पर नजर आता है। आज हम बात सर्दियों में पैरों से जुड़ी परेशानियों की कर रहे हैं, जो कि आमतौर पर बहुत से लोगों को परेशान करता है। सर्दियों में पैरों से जुड़ी परेशानियों का सबसे बड़ा कारण है, ब्लड सर्कुलेशन का धीमा पड़ जाना है।

**ठंड से पैरों की स्किन का सिकुड़ना :** ट्रेंच फुट पैरों से जुड़ी एक ऐसी गंभीर स्थिति है, जो कि लंबे समय तक पैरों के गीले रहने के कारण होती है। इसमें पैरों खास कर की एड़ियों में ठंड और गीलेपन के कारण फफोले हो जाते हैं और रेडनेस आ जाती है। दरअसल लंबे समय तक ठंड और गीलेपन के साथ रहने से, आपके पैर अपना ब्लड सर्कुलेशन और तंत्रिका कार्य को खोने लगते हैं। तब पैरों में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की कमी हो



जाती है। इसमें व्यक्ति को पैरों में गैंग्रीन, टिशूज और नर्व को नुकसान और अल्सर आदि होता है।

**ट्रेंच फुट के लक्षण:** ट्रेंच फुट के लक्षणों की बात करें, तो इसमें ज्यादा देर तक पैरों के ठंडे रहने से त्वचा के टिशूज बेजान हो जाते हैं और इसके कारण पैरों में शीतलता और सुन्नता आ जाती है। साथ ही इस कंडीशन में जब आप गर्मी के संपर्क में आते हैं या गर्म चीजों से पैरों की सिकाई करते हैं, तो पैरों में तेज दर्द होता है। लगातार खुजली होती है और रह-रह कर झुनझुनी होती है। ट्रेंच फुट के ये लक्षण केवल पैरों के एक हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन सबसे गंभीर मामलों में, ये आपके पैर की उंगलियों सहित पूरे पैरों में अपना विस्तार कर सकते हैं।

**प्लांटर फेशिआइटिस :** सर्दियों में कई लोगों के एड़ी का दर्द बढ़ जाता है। ये प्लांटर फेशिआइटिस के कारण हो सकता है। ठंडा तापमान आपके जोड़ों के टिशूज में खिंचाव का कारण बनती है, जिससे जोड़ों का दर्द होता है। साथ ही सर्दियों के मौसम में कैलकेनियम के भीतरी परत में सूजन आ जाती है।

**पैरों में पाला मार जाना या सर्दी लग जाना :** चिलब्लेंस ठंडी हवा के संपर्क में आने के बाद ब्लड वेसल्स की सूजन के कारण होने वाले छोटे घाव हैं। दरअसल, ठंड का मौसम, आपकी त्वचा की सतह के पास छोटी रक्त वाहिकाओं को कसने का कारण बन सकता है। एक बार जब आप गर्म हो जाते हैं, तो ये घाव बहुत तेजी से फैलने लगते हैं। फिर ये टिशू में सूजन पैदा करती है।

# अणुव्रतों से जीवन को बनाएं सफल : महाश्रमण

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जैन विश्व भारती में प्रवास के तीसरे दिन युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में जैन विश्व भारती की ओर से शासनमाता की 11 कृतियों की अंग्रेजी अनुवादित पुस्तकों का लोकार्पित किया गया। हरियाणा से हजारों की संख्या में गुरुदर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं को आचार्यश्री ने 108 दिन का प्रवास प्रदान की घोषणा भी की। रविवार को आचार्यश्री ने मंगल पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि आदमी का जीवन संयम प्रधान हो तो जीवन सुखी बन सकता है, सफल और सुफल बन सकता है और यदि जीवन में असंयम हो मानों दुःख के आगमन के द्वार खुल सकते हैं। साधु तो महाव्रतों को पालने वाले होते हैं। सभी के लिए महाव्रतों को अंगीकार संभव नहीं होता, इसके लिए छोटे-छोटे व्रतों को स्वीकार कर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित हरियाणा प्रान्त श्रद्धालुओं की ओर से पदमचंद जैन ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी तो आचार्यश्री ने 108 दिनों तक प्रवास करने की घोषणा की। इस दौरान शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की प्रकाशित 51 कृतियों में से आज 11 कृतियों का अंग्रेजी अनुवादित पुस्तकों का लोकार्पण जैनविश्व भारती द्वारा लोकार्पित की गई।

### पुस्तक विमोचन व नाहर को मिला सम्मान

कार्यक्रम के तीसरे दिन अमृतवाणी द्वारा जेसराज सेखाणी की जीवनगाथा 'गाथा पुरुषार्थ की' पुस्तक को लोकार्पित किया गया। इस संदर्भ में सुखराज सेठिया, सरिता सेखाणी व संगीता सेखाणी ने अपनी श्रद्धाभिव्यक्ति दी। जैन विश्व भारती द्वारा पानादेवी सेखानी स्मृति संघ सेवा पुरस्कार वर्ष 2021 मूलचंद नाहर को प्रदान किया। मूलचंद नाहर ने आचार्यश्री के समक्ष अपने हृदयोद्गार व्यक्त किए तो आचार्यश्री ने उन्हें मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान महासभा के अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया ने अपनी आस्थासिक्त अभिव्यक्ति दी। लाडनूं तेरापंथ युवक परिषद की ओर से राजेन्द्र खटेड़ ने युवा गौरव पुरस्कार मूलचंद नाहर को प्रदान करने की घोषणा की इसके बाद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान जेविभा संस्था अध्यक्ष अमरचंद लुंकड़, जेविभा यूनिवर्सिटी कुलपति डॉ बच्छराज दुगड़, समाजसेवी व भामाशाह मनोज लूणिया, राजेंद्र खटेड, भामाशाह सुरेंद्र चौरड़िया, सागरमल नाहटा, सुरेन्द्र घोसल, राकेश कोचर आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गोटन थाना पुलिस ने डंपर को किया जप्त



गोटन(नागौर डेली न्यूज)।

अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के क्रम में गोटन पुलिस ने एक डंपर को गश्त के दौरान अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते हुए जप्त किया है। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचना दी है। गोटन के थानाधिकारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि खनिज विभाग के द्वारा डंपर के खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा इसके साथ ही अवैध बजरी खनन व परिवहन को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क है।

# खियाला में मेले व भजन संध्या के पोस्टर का हुआ विमोचन




रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम खिंयाला 27 नवम्बर को आयोजित होने वाले दादो जी महाराज (कंवलसीजी) एवं दधिमती माता के मेले व भजन संध्या आयोजन को लेकर कार्यक्रम का पोस्टर का विमोचन किया गया। 26 नवम्बर को रात्रि में आयोजित होने वाली विशाल भजन संध्या में गायक कलाकार गजेंद्र अजमेरा, श्याम बिडियासर, खेमाराम धायल आदि पार्टिया भजनों की प्रस्तुत दी जायेगी। मेला विकास समिति अध्यक्ष सुरजाराम बिडियासर ने बताया 27 नवम्बर को आयोजित होने वाले विशाल मेला में प्रदेश भर से श्रद्धालु भाग लेंगे मेले में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मेला विकास समिति के सदस्य बेनिगोपाल रतावा गोपाल रतावा, मनीराम बिडियासर, छाजोली सरपंच मोतीराम बिडियासर, पूर्णाराम बिडियासर, बिजली विभाग के श्रवणराम बिडियासर , गणपत राम बिडियासर पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में सम्मानित सदस्य चंद्राराम बिडियासर, किशनाराम पाण्डर, ओमप्रकाश बिडियासर, प्रभु राम फौजी, तुलसीराम, रामकिशोर, कानाराम बिडियासर, सहदेव, मनीराम, हरजीराम, प्रकाश नागौरी सहित ग्रामीण ओर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नावां में हुआ आईपीएस राठौड़ का अभिनन्दन



हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ का भारतीय पुलिस सेवा में चयन होने के पश्चात पहली बार नावां आगमन पर नावा बाईपास चौराहे पर जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। अजय सिंह राठौड़ के जयपुर से रवाना होकर अपने निवास स्थान दीपपुरा कुचामनसिटी जाते समय जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान पाचोता सरपंच महेंद्र सिंह राठौड़, राजू बन्ना भगवानपुरा, प्रभु सिंह राठौड़,पृथ्वी सिंह जाबदीनगर, धर्मेश सिंह राठौड़ निर्देशक श्याम बाल निकेतन स्कूल, गोपाल सिंह राजलिया पार्षद नावा, गजेंद्र सिंह खुशियां करणी कृपा होटल नावा, भूपेंद्र सिंह राजलिया अध्यक्ष मंदिर रघुनाथ जी सेवा समिति संस्था मारोठ,डॉ धर्मेंद्र सिंह भूणी, मनीष व्यास समाजसेवी, नावां सोशियल सर्विस सोसायटी के अध्यक्ष लुकमान शाह, राधा-कृष्ण गो चिकित्सालय के अध्यक्ष मूल सिंह राजावत, भीम सिंह राठौड़, मदन सिंह राठौड़, दिलीप सिंह राठौड़, इंदर सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह राजावत, भंवर सिंह शेखावत, ओम सिंह शेखावत, यशराज शेखावत, रामस्वरूप शर्मा टीम सुरेंद्र सिंह कांसैड़ा,भामाशाह सुरेंद्र सिंह, जोरावर सिंह, कानाराम काटवा, जीवनराम,मोहनराम मुंडवाडिया, दिलीप सिंह, महावीर सिंह राजावत, भगवान सिंह ,मंडावरा सरपंच गोविंद सिंह कसाणा, पूर्व सरपंच नरेन्द्रसिंह मंडावरा, राजेंद्र सिंह सुरतपुरा, दशरथ सिंह बेगसर, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मीठड़ी, शिवचरण सिंह मंगलाना, भंवरसिंह केराप, अजीत सिंह पलाड़ा,श्रवण सिंह कांकरिया, गिरधारी सिंह लिचाणा, श्रीपाल सिंह रसाल, हेमंत सिंह गोगावास, भूपेंद्र सिंह पलाड़ा, वार्ड पंच प्रेमसुख योगी, अमराराम राईका पालड़ी, चैनाराम आंवला मंडावरा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम में संशोधन से समयसीमा तय करने में मदद मिलेगी : मंत्रालय

नई दिल्ली।

कंपनी मामलों के मंत्रालय (एमसीए) का मानना है कि प्रतिस्पर्द्धा कानून में समय-सीमा संशोधन के बारे में किया गया प्रस्ताव संयोजनों के आकलन को त्वरित और समयबद्ध बनाने के साथ-साथ कारोबारों को एक निश्चितता देने में भी मदद करेगा। प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम में संशोधन के लिए पेश विधेयक इस समय संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास विचाराधीन है। आम तौर पर विलय और अधिग्रहण को प्रतिस्पर्द्धा कानून की भाषा में संयोजन कहा जाता है।

प्रस्तावित संशोधनों के तहत संयोजन के अनुमोदन की समयसीमा को 210 दिनों से घटाकर 150 दिन करने के साथ ही भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) को संयोजनों के शीघ्र अनुमोदन के लिए 20 दिनों के भीतर प्रथम-दृष्टया राय बनाने का जिक्र किया गया है। कंपनी मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि संयोजन के आकलन की प्रक्रिया को तेज और समयबद्ध बनाने के लिए आकलन की समग्र समय-सीमा को कम करने का प्रस्ताव इस संशोधन विधेयक में रखा गया है।

# आईपीएस डॉ. अजयसिंह का सवाईभोज छात्रावास में हुआ सम्मान



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी के स्टेशन रोड पर स्थित सवाईभोज छात्रावास परिसर में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आईपीएस सेवा में चयनित डॉ. अजयसिंह दीपपुरा के सिविल सेवा में चयन होने पर पहली बार अपने गांव आने पर भव्य सम्मान में पलक पावडे बिछा गए। इस मौके पर आईपीएस डॉ. अजयसिंह दीपपूरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अपने आप को कम नहीं आंकना चाहिए। कड़ी मेहनत, अडिग लक्ष्य और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने पर एक न एक दिन सफलता उनके कदमों में होती है। समारोह में सवाईभोज छात्रावास संचालक एवं दीपपुरा कोऑपरेटिव सोसायटी चेयरमैन चेनाराम गुर्जर ने आईपीएस डॉक्टर अजय सिंह का सम्मान किया। डॉ. अजयसिंह यूपीएससी परीक्षा में 113वीं रैंक के साथ जनरल श्रेणी से आईपीएस बने हैं।

**ये रहे उपस्थित :** समारोह में सवाईभोज छात्रावास संचालक एवं कॉपरेटिव चेयरमैन दीपपुरा चैनाराम गुर्जर, अध्यक्ष देवनारायण विकास समिति डॉ. रामकुमार गुर्जर, युवा नेता सुरेंद्रसिंह दीपपुरा, धनराज गुर्जर गोदावरी पैलेस, लालचंद गुर्जर, एडवोकेट हिराराम गुर्जर, एडवोकेट बिरमाराम चौधरी, नरेंद्र भडाणा, हनुमान सहाय भड़ाना हरियाजून, राजेश गुर्जर शासन सचिवालय, व्यवस्थापक कोऑपरेटिव श्रीराम गुर्जर, मदनाराम गुर्जर आसपुरा, वरिष्ठ पत्रकार हरिराम गुर्जर दीपपुरा, गोविंदसिंह गुर्जर, सुरेंद्र सारण, झूताराम, भंवरलाल गुर्जर, मुकेश कुमावत सहित छात्रावास के छात्र मौजूद रहे।

# माहेश्वरी एकता पत्रिका के 11वें वर्ष में हुआ प्रवेश

## प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** माहेश्वरी एकता पत्रिका के 11वें वर्ष में सफलतापूर्वक प्रवेश पर 'स्वजन सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन के बॉम्बे हॉल में समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम संयोजक राम काबरा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह से समाज की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होता है। उन्होंने नेत्रदान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा जो आंखे मृत्यु के बाद हमारे किसी काम की नहीं उन्हें दान करने में क्या हर्ज है, यह महादान निश्चित रूप से दो जनों के अंधेरे जीवन को रोशन करता है। मदन मोहन महाराज ने कहा किसी भी संस्था का लंबे समय तक चलना उस संस्था के सदस्यों के लिए गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा पुण्य करने के बजाय पाप करने से बचे तथा जीवन में मानव शरीर मिलना दुर्लभ है हमें इसे व्यर्थ नहीं गवांकर जनकल्याण के कार्यों में लगाना चाहिए तथा मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीपी बिड़ला ने सभी प्रतिभाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सम्मानित होने से प्रतिभाओं को ओर अधिक कार्य करने की ऊर्जा मिलती है। मुख्य अतिथि डीडवाना नगरपालिका अध्यक्ष रचना होलानी ने कहा माहेश्वरी समाज मे प्रतिभाओं की कमी नही है जरूरत है उन्हें उचित मंच मिलने की। विशिष्ट अतिथि सुमन भट्टड़, महावीर मुंदड़ा ने भी सम्बोधित किया। माहेश्वरी एकता के संस्थापक राजेश गिलड़ा ने बताया इस सम्मान समारोह में कुचामन के महावीर मुंदड़ा, बिन्दु सोमानी सहित भारतवर्ष से चुनी गई माहेश्वरी समाज की विशिष्ट विभूतियों को स्वजन सम्मान से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया पत्रिका के 11 वे वर्ष में सफलतापूर्वक प्रवेश में निश्चित रूप सभी सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ये रहे मौजूद

अरविंद चोखड़ा, गौरीशंकर बियाणी, सत्यनारायण तोषनीवाल, राहुल मुंदड़ा, सत्यनारायण बाहेती, सुनील जैन, विनोद गट्टानी, किशन लखानी, सुनील सोमानी, पार्षद सुरेश सिखवाल, लॉयन हेमराज पारीक, अनंत तिवाड़ी, नीलम बिड़ला, अनिता काबरा, आशीष गिलड़ा, देवेश स्वामी, मुकेश गिलड़ा आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन सर्वेश्वर पारीक ने किया।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल के युवराज का नवोदय में चयन

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर ऑक्सफोर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र का नवोदय विद्यालय में सिलेक्शन हुआ है। इस मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थी के परिवार को शुभकामनाएं दी गई। प्रबंधक शैलेंद्र सिंह राजपुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय से प्रतिवर्ष विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में सिलेक्शन होने का सिलसिला प्रतिवर्ष जारी है। राजपुरोहित ने बताया कि युवराज सिंह पुत्र रविंद्र सिंह कक्षा 6 का जवाहर नवोदय विद्यालय कुचामनसिटी में चयन हुआ है। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से छात्र के घर पहुंच कर परिजनों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भवानी सिंह, भंवर लाल शर्मा, सुरेंद्र सिंह ने छात्र युवराज सिंह के घर जाकर बधाई दी।

# संदेश यात्रा को लेकर बैठक हुई आयोजित

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रंखला में अध्यात्म प्रेरित सेवा संगठन विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी राजस्थान प्रांत के तत्वावधान में आयोजित होने वाली संदेश यात्रा को लेकर रविवार को मातृ मंदिर में राजस्थान सन्देश यात्रा प्रभारी डॉ स्वतंत्र शर्मा, अशोक दानी, भरत भार्गव एवं गणपत सिंह के नेतृत्व में बैठक का आयोजित की गई। स्वतंत्र शर्मा ने यात्रा को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

सन्देश यात्रा मेड़ता प्रभारी श्याम सुंदर बिड़ला ने बताया कि ये विवेकानंद जी के संदेश को पुरे भारत में यात्रा के रूप से बताया जाएगा जिसको लेकर राजस्थान के प्रत्येक जिले में स्वामी विवेकानंद के संदेशों के प्रचार हेतु प्रसार हेतु आगामी 19 नवंबर से 7 जनवरी तक 50 दिवसीय विवेकानंद संदेश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बिड़ला ने बताया संदेश यात्रा को लेकर सयोजक दामोदर गटतानी, सहयोजक श्याम सुंदर दाधीच तथा महिला सहयोजक स्वेता सोनी को मनोनीत किया गया। भारत विकास परिषद भी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित संगठन हैं और इस यात्रा में सहयोगी संगठन के रूप में कार्य कर रहा है। इस निमित्त इस यात्रा के लिए सभी समाज के लोगों को साथ लेते हुए एक संचालन समिति का गठन किया गया। संदेश यात्रा को लेकर बैठक में विभिन्न समितियों का गठन कर दात्यव सोपे गए।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर दामोदर लाल गट्टानी, प्रकाश हटीला, भगवती लाल टेलर, भीवराज तोषनिवाल, कृष्ण गोपाल गोड़, राकेश अग्रवाल,श्याम सुंदर दाधीच, ताराचंद मारोठिया, गणपत सिंह पीड़ियार, अभिमन्यु शर्मा, श्रवण कुमार, दिनेश कुमार, कल्पना चौहान, स्वेता सोनी, उमा सोनी, कांता शर्मा, रविंद्र सांखला, प्रसांत सोनी सहित भारत विकास परिषद के सदस्य मौजूद थे।

# मेड़ता रोड में जिला स्तरीय बैडमिंटन खेल का हुआ समापन

## 122 टीमों ने लिया भाग

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेड़ता रोड की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही 66वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का रविवार को समापन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेड़ता प्रधान संदीप खोजा रहे तथा अध्यक्षता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेड़ता रोड के प्रधानाचार्य भगवती लाल शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीबीईओ श्रीराम खोजा गोविंद राम बेड़ा, आरती मुरलीधर रांकावत, मेड़ता रोड सरपंच प्रतिनिधि मेघराज झोटवाल, राजेंद्र सांगवा, मुन्ना लटियाल भाजपा नेता कैलाश लटियाल व समाजसेवी विक्रम सांगवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप खोजा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए खेलों का होना भी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेल से मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता है तथा मानव के शरीर को एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेड़ता रोड में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर देने तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय की बाउंड्री का कार्य शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवती लाल शर्मा ने भामाशाह ओं का आभार प्रकट किया।

**ये रहे मौजूद :** प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान मेड़ता प्रधान संदीप खोजा, सीबीईओ श्रीराम खोजा, गोविंद राम बेड़ा, आरपी मुरलीधर रांकावत, मेड़ता रोड सरपंच प्रतिनिधि मेघराज झोटवाल, किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष पूरणमल बिश्नोई, भाजपा नेता कैलाश लटियाल, समाजसेवी राजेंद्र सांगवा, विक्रम सांगवा, मुन्नालाल लटियाल, मेड़ता रोड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद नदीम, प्रभाकर तिवाड़ी, मनोहर प्रजापति, ओमप्रकाश सिरोहीवाल, सत्येंद्र शर्मा, तथा विष्णु दत्त शर्मा सहित खेल प्रतियोगिता में सेव करने वाले मेड़ता रोड रेलवे के अधिकारीगण मौजूद थे।

# पिडिलाइट को दूसरी छमाही में मार्जिन सुधरने की उम्मीद : एमडी

नई दिल्ली।

फेविकॉल बनाने वाली पिडिलाइट इंडस्ट्रीज को चालू वित्त वर्ष (2022-23) की दूसरी छमाही में मांग सुधरने से बेहतर मार्जिन होने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक भरत पुरी ने यह बात कही। पुरी ने बातचीत में कहा कि चौथी तिमाही में बेहतर मार्जिन की संभावना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अच्छे मानसून की मदद से ग्रामीण बाजारों में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में ऊंची मुद्रास्फीति की वजह से मांग पर काफी असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12-18 महीनों में सबसे बड़ी चिंता उत्पादन लागत में अभूतपूर्व मुद्रास्फीति थी। पुरी ने कहा, हालांकि कुछ कच्चे माल की कीमतों में नरमी आ रही है। इससे आगे चलकर मार्जिन बेहतर होने की उम्मीद है। उन्होंने पिडिलाइट परिणामों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पहली छमाही में कंपनी की मात्रा वृद्धि 20 प्रतिशत से अधिक रही है। पुरी ने कहा कि पिडिलाइट अपने चल रहे पूंजीगत व्यय कार्यक्रम के साथ विकास के अगले चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने अपने 20 कारखानों की मौजूदा क्षमता का विस्तार किया है। इसके अलावा इस अवधि में कंपनी ने 11 नए कारखाने भी लगाए हैं।

# कुचामन के मार्बल उद्यमियों ने किया स्टोन मार्ट का अवलोकन

## स्टोन मार्ट 2022 का जयपुर में हुआ आयोजन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित जेईसीसी में आयोजित स्टोनमार्ट - 2022 में कुचामन के पत्थर व्यवसाय से जुड़े उद्यमी श्याम सुन्दर मंत्री, मधुसूदन शर्मा मुम्बई प्रवासी, संजीव जैन औरंगाबाद प्रवासी, नन्दकिशोर अग्रवाल, दीपक फलोड़, धर्मेंद्र तोषनीवाल, पंकज जैन ने स्टोना में लगी हुई स्टालों का अवलोकन किया। शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा आर.के. ग्रुप के चेयरमैन अशोक पाटनी को लाइफ़टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करने को लेकर अनेक उद्योगपतियों ने सराहना की। स्टॉलों का भ्रमण करते हुए कुचामन के प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि राजस्थान के विकास में मार्बल-ग्रेनाईट-स्टोन के व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों की विशेष भूमिका है। राजस्थान में मकराना, किशनगढ़, राजसमन्द, चितोड़, उदयपुर, आबूरोड , पाली , अलवर, सिरोही, जालोर, जोधपुर, खाटू, जयपुर, ब्यावर, मालपुरा आदि अनेक स्थानों पर पत्थर का काम हो रहा हैं और इससे लाखों लोगों को रोज़गार मिल रहा है।

श्याम सुन्दर मंत्री ने स्टालों के भ्रमण के दौरान कहा कि पत्थर के व्यवसाय से जुड़े लोगों को अवश्य एसे आयोजनों में आना चाहिए और इससे कई प्रकार की व्यवसायिक नई जानकारी मिलतीं हैं। आयात-निर्यात की संभावना भी बढ़ती है। उदयपुर के सौरभ मंत्री एवं स्व. समाजसेवी चतरलाल मून्दड़ा परिवार के युवा उद्योगपति कि स्टॉल में न्यू अलास्का ग्रेनाईट भी आकर्षक था। मारूती फ़र्नीचर एण्ड जेम स्टोनेक्स के स्टाल पर लकड़ी एवं जेम स्टोन के वास बेसिन बहुत स्पेशल थे जहां विदेशी ख़रीदारों का भी आकर्षण भी था।

# उमराह हज बैतुल्लाह की जियारत को जाने से पहले दी जाना शहीद बाबा की दरगाह में हाजरी



अ.रहमान देवड़ा

**मूंडवा( नागौर डेल्ही न्यूज़ )।** उमराह हज बैतुल्लाह की जियारत को जाने से पहले जाना शहीद बाबा की दरगाह मे हाजरी दी। मारवाड़ मूंडवा में उमराह हज बैतुल्लाह की जियारत को जाने से पहले रविवार को जाना शहीद बाबा व बहादुर शहीद बाबा की दरगाह मे जियारत की। मारवाड़ मूंडवा पोकंडी तालाब के पास रहने वाले अमीर दीन खोखर (जापान) व नेमत बानो को उमराह हज नसीब हुआ है। लाडमोहम्मद खोखर ने बताया है कि इस साल मक्का मुनव्वरा की जियारत के लिए हज नसीब हुआ है। जियारत करने के लिए मक्का मुनव्वरा जाने से पहले दरगाह शरीफ मे हाजरी दी और जाना शहीद बाबा के दरबार में देश, प्रदेश एवं अपनों के लिए दुआ की तथा अपने रिश्तेदारों से गले लगाकर मुसाफा लिया और अल्लाह से दुआ करने के लिए कहा की हमें भी हज नसीब अता फरमाए।

पार्षद रुकसाना ने बताया की अमीरदीन खोखर (जापान) और उनकी पत्नी नेमत बानो उमराह हज के लिए रवाना हुए। इस दौरान अल्लाह बक्ष खोखर, मौसम अली, नत्थू, हकीम, उस्मान अली, अलादीन, कालू, धनुखां, जाकिर, हकीम आदि लोगों ने हज पर जाने वालों का माला पहना कर इस्तकबाल किया।

# डेगाना तहसील क्षेत्रीय गौशाला सेवा समिति की नई कार्यकारणी का गठन



शौकत खान

**डेगाना (नागौर डेली न्यूज)।** रविवार को तहसील क्षेत्रीय गौशाला सेवा समिति डेगाना की मीटिंग जालसू गौशाला परिसर में अध्यक्ष गिरवर सिंह जालसू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पूर्व अध्यक्ष गिरवर सिंह ने जानकारी देकर बताया कि गत वर्ष किये गए कार्य के बारे में गौशाला के कार्यों के बारे में विचार-विमर्श किया तथा इस संस्था की कार्यकारिणी का नवीनीकरण करने पर विचार विमर्श किया। मीटिंग ने सर्वसमिति से यह निर्णय लिया कि कार्यकारिणी का नवीनीकरण करना जरूरी है। पुरानी कार्यकारणी को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया। पुराने सदस्यों एवं पदाधिकारियो ने अपनी स्वच्छा से त्यागपत्र दे दिया है। नई कार्यकारणी में तहसील गौशाला सेवा समिति डेगाना अध्यक्ष नाथू राम ढाका, सचिव देवा राम, कोषाध्यक्ष गिरवर सिंह जालसु को सर्वसम्मत से चुना गया। इसी प्रकार से अन्य समिति के सदस्य गजेन्द्र बिंदा चुई, रामगोपाल शर्मा हबचर, मदन लाल ढाका बामणा खुर्द, राजेन्द्र सिंह चांदनी, रामलाल डूडी चुई, हरीराम चोयल हबचर, पूर्णा राम जागिड़ कुतियासनीव जालमसिंह चरडास आदि को भी सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर नये पदाधिकारी व सदस्य को बधाई के साथ ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर पूर्व पदाधिकारी, नये पदाधिकारी व गौभक्त व भामाशाह मौजूद रहे।

# 66वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल व जिमनास्टिक प्रतियोगिता का हुआ रंगारंग शुभारंभ

## गांव गुगड़वार के खेल मैदान में हुआ शुभारंभ

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत नगवाड़ा के ग्राम गुगड़वार के नवनिर्मित खेल मैदान में जिला स्तरीय वॉलीबॉल व जिमनास्टिक खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 का रविवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में नागौर जिले की कुल 67 टीमें भाग ले रही है वॉलीबॉल में 44 टीमें बालक वर्ग 17 टीमें बालिका वर्ग की है व 6 टीमें जिमनास्टिक की है। नंगवाडा सरपंच श्री मनोज लोरा ने बताया कि अभी गुगड़वार में नया खेल मैदान बनकर तैयार हुआ है जिसमें इन खेलों का आयोजन किया जा रहा है ग्राम वासियों के सहयोग से संपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है इस प्रकार के अयोजन से गांव की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमान जगदीश राय ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है सरपंच संघ अध्यक्ष श्री धन्नाराम फौजी ने आए हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व हौसला बढ़ाया ।मुख्य अतिथि श्रीमान सुनील कुमार प्रशिक्षु आर ए एस रहें। इनके अलावा श्रीमान दिनेश चौधरी श्रीमान शैलेंद्र चौधरी विकास अधिकारी कुचामन सिटी ने भी संबोधित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 13 नवंबर से 16 नवंबर तक चलेगी।

### ये रहे मौजूद-

विजय कुमार नायब तहसीलदार चितावा, हरीराम जाजूंदा थाना अधिकारी चितावा, गोविंद नारायण कुमावत, प्रकाश धायल ग्राम विकास अधिकारी, मनोज मेघवाल सरपंच चितावा,राजकुमार सरपंच राजलिया, बलराज रायल टोडास ,राजेंद्र प्रसाद प्रधानाध्यापक सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।



# आईपीएस डॉ. अजय सिंह के स्वागत में बिछाए पलक-पावड़े

## ग्राम पलाड़ा में सम्मान समारोह आयोजित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी (नागौर डेली न्यूज)।** सिविल सेवा में चयन होने पर आईपीएस डॉ. अजयसिंह दीपपुरा का रविवार को समीपस्थ ग्राम पलाड़ा पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ अभिनन्दन किया गया। समीपस्थ ग्राम दीपुपरा की प्रतिभा का सम्मान करने के लिए पलाड़ा के ग्रामीण आतुर दिखे। पलाड़ा ग्राम के बाहर से ही बड़ी संख्या में युवाओं ने डॉ. अजयसिंह को डीजे के साथ गांव की चौपाल तक लेकर आए। यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका सम्मान किया। आईपीएस डॉ. अजयसिंह दीपपुरा ने कहा कि जैसा उनके लिए दीपपुरा प्रिय है वैसे ही पलाड़ा भी है। पलाड़ा के युवा उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकते हैं। वे युवाओं के मार्गदर्शन के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।





### ये प्रबुद्धजन रहे उपस्थित-

सम्मान समारोह में नावां पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी, परबतसर पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया, पलाड़ा सरपंच लीना कंवर, पंचायत समिति सदस्य विजयसिंह पलाड़ा, मनोहरसिंह रूपपुरा, अहमद खान, नारायणसिंह मिण्डकिया, संपतसिंह गुढाराजावत, पीरूसिंह, भंवरलाल कुमावत, मीठालाल नायक, सूरवीरसिंह, कैलाश, सुभाष जैन, सुल्तानसिंह, कमल जैन, देवन्द्रसिंह वार्डपंच, सवाईसिंह वार्डपंच, खेमाराम चौधरी, रामेश्वर कुमावत, भंवरलाल, जुगल शर्मा, भंवरसिंह, कर्मवीरसिंह, रघुवीरसिंह सिडियास, राजेन्द्रसिंह सीडियाम आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण आज से

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद उदयपुर के आदेशानुसार नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण करवाया जाना है। राजूराम खदाव एसीबीईओ खींवसर ने बताया कि खींवसर ब्लॉक में कार्यरत नवनियुक्त शिक्षकों को 14 नवंबर 2022 से 18 नवंबर 2022 तक 5 दिवसीय गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन शारदा शिक्षण संस्थान माध्यमिक विद्यालय माडपुरा में किया जायेगा। खदाव ने बताया कि नवनियुक्त शिक्षकों को 14 नवंबर 2022 को प्रात: 9:30 बजे प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होना होगा साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होने वाले शिक्षकों का वेतन आहरित नहीं करने हेतु पीआईओ को पाबंद किया गया है। प्रशिक्षण में के आरपी उमेद सिंह व्याख्याता, राउमावि सिंघाना व जीवनराम बागड़िया वरिष्ठ अध्यापक राउमावि सांडास द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

# राठौड़ का मीठड़ी में किया अभिनन्दन



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी (नागौर डेली न्यूज) :** मीठड़ी कस्बे सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो में आज दीपपुरा निवासी डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ के भारतीय पुलिस सेवा में चयन के बाद पहली बार आगमन पर जगह जगह स्वागत सम्मान किया गया। ग्राम कांसैड़ा में टीम सुरेंद्र सिंह कांसैड़ा के तत्वावधान में माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भामाशाह सुरेंद्र सिंह, जोरावर सिंह, कानाराम काटवा, जीवनराम,मोहनराम मुंडवाडिया, दिलीप सिंह, महावीर सिंह राजावत, भगवान सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

इसी तरह नारायणपुरा तिराहे पर स्थित होटल शिवम पर दोपहर एक बजे स्वागत समारोह आयोजित किया गया। राठौड़ के आगमन पर बैंड बाजे की सुमधुर स्वर लहरियो के भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियो व गणमान्य नागरिको ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मौबाइल से दूर रहते हुए नियमित अध्ययन करने से मात्र सफलता हासिल करना कोई बड़ी बात नहीं है।

**-ये रहे उपस्थित**

इस दौरान मंडावरा सरपंच गोविंद सिंह कसाणा, पूर्व सरपंच नरेन्द्रसिंह मंडावरा, राजेंद्र सिंह सुरतपुरा, दशरथ सिंह बेगसर, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मीठड़ी, शिवचरण सिंह मंगलाना, भंवरसिंह केराप, अजीत सिंह पलाड़ा,श्रवण सिंह कांकरिया, गिरधारी सिंह लिचाणा, श्रीपाल सिंह रसाल, हेमंत सिंह गोगावास, भूपेंद्र सिंह पलाड़ा, वार्ड पंच प्रेमसुख योगी आदि मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने तीन दिवसीय डिजिफेस्ट में लिया भाग

अ.रहमान देवड़ा

**मूंडवा( नागौर डेल्ही न्यूज़ )।** स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल मूंडवा के विद्यार्थियों ने राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जोधपुर में आयोजित तीन दिवसीय डिजिफेस्ट के दूसरे दिन 12 नवंबर को भाग लिया। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग नागौर द्वारा मूंडवा ब्लॉक से स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल का चयन किया गया जिसमें कक्षा 11 और 12 विज्ञान वर्ग के 64 विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य नवीन कुमार पूनिया के निर्देशन में स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता वैभव सारस्वत और निर्मला भाकल शारीरिक शिक्षक ने प्रभारी के रूप में भाग लिया। प्रभारी वैभव सारस्वत ने बताया कि स्थानीय विद्यालय से कुल 23 छात्र और 31 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें वर्तमान में वर्चुअल रियलिटी से संबंधित विभिन्न उपकरण, इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण की प्रक्रिया, विज्ञान से संबंधित ऐप और सॉफ्टवेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोलॉजिकल वेस्ट मटेरियल के पुनर्चक्रण, हस्तनिर्मित कलाकृतियों आदि की जानकारी प्राप्त की।



# चाहे कोई भी खेल हो, रुचि रखकर खेलें : एसडीएम

## खो-खो प्रतियोगिता के मैच का हुआ समापन

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत आकला की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो प्रतियोगिता के मैच का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह ने कहाकि चाहे कोई भी खेल हो खिलाड़ियों को रुचि रखकर खेलना चाहिए। खेल में खिलाड़ियों को आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। खेल को खेल की भावना के साथ खेलने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया गया। शारीरिक शिक्षक अरविंद कुमार डूडी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जानेवा और आकला के मध्य खेला गया। जिसमें 19 वर्ष छात्रा वर्ग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आकला टीम विजेता रही। वहीं 17 वर्ष छात्र वर्ग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आकला व विष्णु बाल निकेतन भेड़ के बीच खेला गया। जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आकला की टीम विजेता रही ।प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य नाथूराम प्रजापत की देखरेख में समापन हुआ। वही खो-खो प्रतियोगिता के मैच को देखने के लिए खेल प्रेमी आनंद ने आनंद उठाया है।



# दो दिवसीय हिजामा शिविर का हुआ समापन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )** : तेली रोड़ मदरसा फैजुल उलूम बौपारियान लाडनूँ में आयोजित हिजामा एंव यूनानी चिकित्सा शिविर में जोधपूर से यूनानी विशेषज्ञ डॉ. दिलशाद अली बल्खी ने विभिन्न प्रकार के रोगियों की जांच कर उन्हें कपिंग सेवा प्रदान की। डॉ. बल्खी के अनुसार हिजामा से शरीर का गदां रक्त बाहर निकाला जाता है। यह प्राचीन व यूनानी दर्द के लिये रामबाण ईलाज है जिसे अब लोग बडी तेजी से अपनाने लगे है। कपिगं थैरेपी शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। आयोजक हाफिज जावेद बल्खी ने बताया की 45 से अधिक महिला व पुरुषो का हिजामा थैरेपी व यूनानी चिकित्सा से ईलाज करवाकर चिकित्सकीय लाभ उठाया।



# मेड़तासिटी के चिकित्सालय को प्रमाणित करने की उठी मांग

## मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री से मुलाकात कर राजकीय चिकित्सालय को 100 बेड में क्रमोन्नत की मांग

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मेड़तासिटी के राजकीय चिकित्सालय को कर्मोनित करने की मांग एक बार फिर से उठने लगी है। सामाजिक संस्था मीरा नगरी विकास मंच के अध्यक्ष सुनील सिखवाल ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मेड़ता सिटी के राजकीय चिकित्सालय को पीएमओ अस्पताल बनाया जाना चाहिए इसके साथ ही इस अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं बढ़नी चाहिए ।मंच अध्यक्ष सुनील सिखवाल ने रविवार को मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मेड़ता में उप- खण्डीय स्तरीय चिकित्सालय (पीएमओ) को लेकर आज हमने मंच की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन भेजा है।

शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर उप-खण्डीय स्तरीय चिकित्सालय (पीएमओ) के साथ ही ट्रोमा सेंटर, ब्लड बैंक स्थापना, की जानी चाहिए। उन्होंने बताया की मेड़ता शहर में करीब 40 वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है तथा इन वर्षों मे मेड़ता व आस-पास की आबादी बढ़ रही है।



वर्तमान में यहां पर करीब 800 ओपीडी में मरीज दिखाने आते है एवं प्रतिमाह 250 से 300 डिलीवरी होती है। करीब प्रतिमाह 600 केस गंभीर व एक्सिडेंटल जैसे आपातकालीन केस आते है। चूँकि मेड़ता से एनएच 89 एवं एनएच 458 दो राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते है। वर्तमान में उच स्तरीय चिकित्सालय नागौर व अजमेर है जो की करीब 80 किलोमीटर दूर है। अत: मेड़ता में उप-खण्डीय स्तरीय चिकित्सालय (पीएमओ) बनाने की जनता में भारी मांग है।

# मेघवाल प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह 29 दिसम्बर को

## अम्बेडकर भवन मे मेघवाल समाज विकास समिति की हुई बैठक

अ.रहमान देवड़ा

**मूंडवा( नागौर डेल्ही न्यूज़ )।** शहर के अम्बेडकर भवन मे तृतीय मेघवाल समाज विकास समिति प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह 2022 का आयोजन 29 दिसम्बर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समिति के सचिव प्रहलादराम तिरदिया ने बताया कि वर्ष 2022 में कक्षा 10 व 12 में 75 प्रतिशत या इससे अधिक प्राप्त करने वालों प्रतिभाओं तथा स्नातक एवं अधिस्नातक में 60 प्रतिशत या इसका अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा । वर्ष 2022 में अन्तिम रूप से चयनित सरकारी सेवा में लगे कार्मिकों एवं राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने वाले कार्मिक या सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा भामाशाहों को सम्मानित किया जायेगा।



बैठक में समिति के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, संरक्षक सीताराम तिम्बुन्दिया, बिरमाराम काला, सुरेश कुमार खुड़ीवाल, सदस्य महेन्द्र, पुखराज ईनाणियां, लुम्बाराम संखवाया, नेमाराम पंवार, श्याम सुन्दर काला, कैलाशराम, परसाराम थीरोदा, रामकुमार बड़ोला, ओमप्रकाश, रामकिशन खुड़ीवाल, जयसूर्या भैंसपालिया, शैतानराम, दिनेश, महिपाल, नेमाराम, धर्माराम, कुम्भाराम, समर, धन्नाराम श्यामसुन्दर अनेक समाज के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

# प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 9 विद्यार्थियों का हुआ चयन

## आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुए साक्षात्कार

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुचामनसिटी में टीम एनआईआईटी, गुड़गांव द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आईसीआईसीआई बैंक रिलेशनशिप मैनेजर पद हेतु छात्र-छात्राओं, युवाओं के साक्षात्कार लिए गए। रिक्रूटमेंट अधिकारी आयुषी जॉय ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव आईसीआईसी बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर हेतु फ्रेशर स्टूडेंट्स, युवाओं के लिए बहुत बड़ा प्लेटफार्म है। टीम एनआईआईटी, गुडगांव की आयुषी जॉय, मानसी गौर ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए प्लेसमेंट ड्राइव में सैकड़ों विद्यार्थियों, युवाओं ने सहभागिता की। साक्षात्कार के अंतिम रूप में नौ युवाओं को चयनित किया गया है अंतिम चयन प्रक्रिया युवाओं के एकेडमिक रिकॉर्ड, ग्रुप डिस्कशन कम्युनिकेशन स्किल होने के उपरांत चयनित युवाओं को आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौरीशंकर निमिवाल ने एनआईआईटी टीम का आभार जताते हुए चयनित युवाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि आगामी दिनों में प्लेसमेंट ड्राइव जैसे आयोजन शिक्षण संस्थान में करवाई जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों, युवाओं को रोजगार के अवसर ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध हो। उन्होंने टीम का आभार भी जताया। इस अवसर पर व्याख्याता विपुल भटेजा, रामावतार कुमावत विनोद बिश्नोई,सुनील शर्मा, रविंद्र सिंह, कैलाश सेंवर की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com